हुआ सेठ के घर जन्म पुत्र का, खुशियां खूब मनाई।
मुक्त हाथ से दान दिया जो, मांगें याचक आई जी।।१६८।।

दिया पुत्र का नाम गुणाकर, करके जीमणवार।
बडा हुआ पढ़ने को भेजा, आया हो हुशियार जी।।१६६।।

इधर विचरते वहां पर आये, ज्ञानी गुरु अणगार।
फैली वार्त्ता शहर मे, आए हैं नरनार जी।।१७०।।

वन्दन कर जम गई परखदा, देवे गुरु उपदेश।
सुख दुःख पूरब कृत कर्मों से, भोगे जीव हमेश जी।।१७१।।

वाणी सुनकर दामनखे ने, कीनी यों अरदास।
किस कारण से मैने गुरुवर, भोगी दुःख की रासजी।।१७२।।

गुरुदेव कहे पूरव भव में, था तू मच्छीमार।
पकड़ पकड़ मच्छी को अपना, जीवन रहा गुजार जी।।१७३।।

सन्त देशना सुनकर तूने, करी प्रतीज्ञा एक।
पहली मच्छी नहीं मारूंगा, रक्खू पूर्ण विवेक जी।।१७४।।

लेकर जाल गया उस ऊपर, दिया जाल फैलाय।
मोटी मच्छी आई जाल में, तब सोचा दिल मांय जी।।१७५।।

इसे छोड कर फिर फैलाऊं, पुनः वही आजाय।
तब तो मेरा नियम भंग हो, कैसे करूं उपाय जी।।१७६।।

थोड़ा पंख काट कर उसको, दीना जाल में डाल।
तीन वक्त मच्छी वह आयी, दिया फैंक तब जाल जी।।१७७।।

कुछ भी राशन नहीं मिला, स्त्री ने कलह मचाया।
निकल गया घर छोड उसी क्षण, सन्त चरण में आयाजी।।१७८।।

कई दिनों के बाद सेठ ले, वाहन अपने लार।
हिसाब कराने को चल आया, इसी चौधरी द्वार जी।।७२।।

सेठ साहब का स्वागत करता, खूब चौधरी भाई।
माल पूवे और खीर जिमावे, प्रेम सहित घर लाई जी।।७३।।

दामनखे को देख वहा पर, शंका दिल में आयी।
यह छौरा तो वह है जिसको, मैंने दिया मराई जी।।७४।।

कैसा आया इस घर मांही, पूछ करूं निरधार।
दरवाजे में खाट बिछा कर, बैठे सेठ घर प्यार जी।।७५।।

कहे चौधरी से तेरा यह, लड़का है हुशियार।
भाग्यवन्त है पूरा इसका, चमक रहा लिलार जी।।७६।।

कितने बच्चे है और तेरे, कितना है परिवार।
कई दिनो से आया हूं सो, मुझको हुआ विचार जी।।७७।।

कहे चौधरी सुनो सेठ जी, हुई न मम सन्तान।
यह भी चलता मिला कहीं से, रक्खा कर सन्तान जी।।७८।।

सेठ तुरन्त सुन समझ गया दिल,. वही यही कंगाल।
मैंने तो मरवाया कैसे, छोड गये चाण्डाल जी।।७६।।

किया मेरे से घोखा उन्होंने, इसको क्यों नहीं मारा।
अब भी ऐसा काम करूं जो, होवे मन का धारा जी।।८०।।

कहे चौधरी हिसाब करलो, जो हो लेना देना।
जो–जो आई होवे चीजें, उसका ही धन लेना जी।।८१।।

बस्ता खोल कपट कर बोला, सेठ चौधरी तांई।
जल्दी के आने में मुझसे, भूल हो गई भाई जी।।८२।।

दया प्रभावे शुद्ध भाव रख, किया वहां से काल।
गया स्वर्ग मे आयु भोग कर, आया यहां पर चाल जी।।१७६।।

हिंसक वृत्ति से दुःख पाया, बालपने के माय।
तीन वक्त की रक्षा जिससे, तीनों घात टलाय जी।।१८०।।

फिर नहीं करना जीवन घात यह, करुणा घट में आयी।
इसीलिए ही तूने यहाँ पर, इतनी सम्पत्ति पाई जी।।१८१।।

सुनकर के उपदेश उसी क्षण, चढा रंग संवेग।
तज करके निस्सार सम्पत्ति, लेलूं संयम वेग जी।।१८२।।

वंदन करके अर्ज किया यो, सत्य आप फरमान।
अब मैं जल्दी दीक्षा लेकर, करूं आत्म कल्याण जी।।१८३।।

घर आकर के बुला पुत्र को, दिया सभी सम्भलाय।
बड़े ठाठ से दीक्षा लेकर, रहे गुरु संग मांय जी।।१८४।।

जप तप करणी करके पहुंचे, अमर गति दरम्यान।
वहां से आयु भोग विदेह में, पासी शिवपुर स्थान जी।।१८५।।

जैसी देखी वैसी मैने, कथा जोड़ बनाई।
कम ज्यादा का मिथ्या दुष्कृत, देता हूं मैं भाई जी।।१८६।।

प्राज्ञ प्रसादे "सोहन मुनि" कहे, अनुकम्पा दिल धारो।
प्राणी मात्र को समझो, निज सम हो जावे भव पारो जी।।१८७।।

दो हजार उन्नीस मसूदा, वर्षावास सुखकार।
गुरु कृपा से ठाणा पांच के, वरत्या मंगलाचार जी।।१८८।।

वहियो मे वह वही न मिलती, जिसमें है तुझ लेख।
अतः कभी मैं फिर आऊंगा, दूंगा सब कुछ देख जी।।८३।।

कहे चौधरी भेजूं पुत्र को, वही लेय आ जाय।
लिख दो कागज अभी पुत्र को, सभी काम हो जाय जी।।८४।।

सोचे मन में काम बना मुझ, लिखूं पुत्र को पत्र।
किसी तरह कर उपाय करके, खत्म करेगा तत्र जी।।८५।।

पहले तो बच गया अब न बचेगा, ऐसा करूं उपाय।
पत्र पुत्र को लिखने बैठा, दिल में भाव जमाय जी।।८६।।

जिसको तेरे पास भेज रहा, पत्र मुआफिक करना।
किसी प्रकार का किंचित् भी भय, मन मे तू मत रखना जी।।८७।।

मेरे आने की भी प्रिय सुत ! इन्तजार मत करना।
सोच समझ लिख रहा तुझे मैं, पत्र पास मे रखना जी।।८८।।

नहीं किसी से सलाह पूछना, भेद न किसको देना।
योग्य समझ कर पत्र लिखा है, वही कर लेना जी।।८९।।

पत्र द्वारा संदेश

" प्रिय पुत्र तुझ पास लेय, यह आ रहा पाती।
विष दे देना जिससे हो, मम शीतल छाती।।
भेद न कोई पाय, पूछना मत कोई जाती।
बन जावे सब काम, बुझेगी दु.ख की घाती।।

पत्र बन्द कर दिया हाथ मे, जल्दी जाकर देना।
जो तुझको दे चीज उसे झट, मना किये बिना लेना जी।।९०।।

उपवास वेला तेला अठाइयां, नवरंगी हुई खास।
घणी उमंग से श्रावक श्राविका, सफल किया चउमास जी।।१८६।।

सब श्रोतागण बडे प्रेम से, निज दिल के पट खोलो।
पूज्य "प्राज्ञ" गुरुदेव सिरि की, एक साथ जय बोलो जी।।१६०।।

।। दामनखा चरित्र सम्पूर्णम्।।

अपने सुत से कहे चौधरी, जाना सेठ के द्वार।
जो कुछ देवे ले लेना तू, मत करना इन्कार जी।।६१।।

दामनखा ने लट्ठ हाथ में, नई अंगरखी पहन।
बांध पत्र को कस के जल्दी, लांघ गया बन गहन जी।।६२।।

चलते–चलते शहर के पास के, बाग बीच में आय।
ठडी देख आम्र की छाय, सोने को चित लाय जी।।६३।।

सोते ही निद्रावश हो गया, दामनखा उसवार।
अब यहां पर क्या होता है सो, सुनिये सब नरनारजी।।६४।।

भाग्योदय का समय हुआ, अब कटा पाप का बंध।
'सोहन मुनि' कहे इस चरित्र का, आधा हुआ संबंधजी।।६५।।

उसी समय वहां सेठ कुमारी, आई सखियां साथ।
रंग बिरंगे फूल देख कर, करे परस्पर बात जी।।६६।।

तरह तरह के खिले हुए है, कितने सुन्दर फूल।
सबकी सौरभ अलग–अलग है, यह कुदरत का खेल जी।।६७।।

सेठ कुमारी आम्र वृक्ष तल, देखे भव्य कुमार।
कामदेव सा रूप अनुपम, और वर्ण दीदार जी।।६८।।

सबसे आंख बचाकर कंवरी, कुंवर पास में आयी।
पिता हाथ का पत्र देखकर, लेने को ललचाई जी।।६६।।

खोल पत्र को पढ कर कन्या, मन मे अति हरसाई।
पूज्य पिता ने लिख भेजा है, मुझ शादी के तांई जी।।१००।।

किन्तु मूल से विषा स्थान पर, विष देदे लिख दिना।
भूल कितनी होती है, कैसा अनरथ कीना जी।।१०१।।

७. चम्पक चरित्र

।।मंगलाचरण।।

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतम प्रभु।
मंगलं स्थुलिभद्राद्यो, जैनधर्मोस्तु मंगलम्।।

--दोहा--

वर्द्धमान शासन-पति, तारण-तिरण-जहाज।
नमन करी ने विनवूं, दीजो शिवपुर राज।१।

गौतम-गणधर सेवता, सकल-विघ्न टल जाय।
अष्ट सिद्धि-नवनिधि मिले, पग-पग सुख प्रगटाय।२।

उपकारी सद्गुरु भला, तीनों लोक महान।
आतम-परमातम करे, यह गुरु महात्म्य जान।३।

शारदमाता प्रणमूं, मांगू बुद्धि विशाल।
अभय-दान पर कथन यह, उत्तम बने रसाल।४।

चम्पक नामा सेठजी, दीना निर्भय दान।
सुख-सम्पति वांछित मिली, मिला राज-सम्मान।५।

तर्ज : मुक्ति जाने की डिग्री दीजिए।

करुणा दिलधारी, पूरण उपकारी चम्पक सेठजी ।टेर।

देश मनोहर मालवो सरे, नगरी वड़ी उज्जैन।
राजा राज करे जहां विक्रम, प्रजा मे सुख चैन हो।१।

पढ़ कर पत्र पिता हुक्म से, भ्राता यदि विष देगा।
मानव हिसा का अघ कितना, शिर पर ले लेगा जी।।१०२।।

आंख के अंजन से भर कर, एक सलाका लीनी।
विष की जगह विषा लिख करके, पुनः चिट्ठी कस दीनीजी।।१०३।।

सखियो मे आ वापिस मिल गई, नहीं खुशी पार।
कहती सखियां आज विषा का, खिल रहा है दीदार जी।।१०४।।

मालूम होता आज हृदय के फले मनोरथ माल।
नहीं बताती समझ गई हम, तेरी गुप्त सब चाल जी।।१०५।।

रंग रंगीली बातें करती, आई सब घर चाल।
विषा हृदय में बांध रही पुल, भविष्य का सब हाल जी।।१०६।।

खुली नींद झट उठा दामनखा, आया सेठ के द्वार।
सेठ कंवर के हाथ पत्र देकर, लीना नमस्कार जी।।१०७।।

अच्छे आसन पर बैठा कर, लिया पत्र को बांच।
सुन्दर स्वस्थ देखकर भेजा, करके पूरी जांच जी।।१०८।।

मदन विचारे कई दिनों से, थी चर्चा घर मांय।
विषा हो रही है बड़ी किसी को, निद्रा भी नहीं आयजी।।१०६।।

ठीक किया यह अभी बुलाकर, पूछूं जोशी तांय।
जोशी कहे जो आज लग्न है, ऐसा कभी न आय जी।।११०।।

बड़े ठाठ से विवाह विधि की, खर्चा खूब लगाया।
लोक सभी मिल करे प्रशंसा, बाई भाग्य सवाया जी।।१११।।

सेठ साहब ने अच्छा वर लख, भेज दिया निज द्वार।
कारणवश आ सके नहीं वे, है यह दिन शुभकार जी।।११२।।

बावन भैरूं, चोसठ योगिनी, सफरा नदी के तीर।
महाकाल गणपति हर सिद्धि, सहायक आग्यो वीर हो।२।

उसी नगर मे जीवो सेठ रहे, धन भरिया भण्डार।
मुल्का मे दुकानां उसकी, बड़ा है नामूनदार हो।३।

सेठानी है धारिणी सरे, पतिव्रता सुकमाल।
चम्पक कुँवर है विद्या सागर, शशि सम शोभे भाल हो।४।

एकाकी पुत्र सेठ के, पूरण आज्ञाकारी।
दातारां शिर शेयरों सरे, मात गिने परनारी हो।५।

गजगमनी–मनहरणी रमणी, अप्सरा के अनुहार।
धर्मवती है ऐसी ललना, कुँवर के सुखकार हो।६।

उसी समय में कहूं जिकर, तुम सुणजो भव्य फिलहाल।
हंसा केरा देश में सरे, पड़यो अति दुष्काल हो।७।

शतहंसों का उड़ा यूथ चल, सफरा तट प आई।
सुन्दर वृक्ष अविलोकी बैठा, विराम लेने के तांई हो।८।

वृद्ध हंस कहे यहां मत बैठो, नगरी आ गई पास।
अन्य स्थान विलोकी ठेरों; जहां है निर्भय वास हो।६।

नवयुवक कहे अणी वृद्ध की, कभी न माने बात।
इच्छा हो सो कीजिए सरे, मैं भी तुम्हारे साथ हो।१०।

आया शिकारी उसी रैन मे, गया जाल वो डारी।
पूछा वृद्ध से राह बतावो, कष्ट पड़ा अति भारी हो।११।

वृद्ध कहे बचने की युक्ति, कहूं ध्यान में लीजो।
आता देख शिकारी ने सब, मृत्युवत् बन जाओ हो।१२।

यूं व्यवस्था वधिक देख ने, देगा भूमि डाली।
सौ टपके होने पै उड़जो, ऐसी चलजो चाली हो।१३।

आया हिंसक प्रात:काल में, देखी वह पछताया।
ये सुकमाल समुद्र का वासी, तड़फी प्राण गमाया हो।१४।

चढ़ा तरु पे डाला जमीं पे, एक-एक ने देखी।
सौवां टपका हुआ छुरी का, उड़े हंस रहा एकी हो।१५।

है यह विविध गति कर्मों की, वृद्ध हंस रहा पास।
हिंसक कह थे खोई कमाई, तुही है कपटी खास हो।१६।

तीक्ष्ण कीनी शीघ्र छुरी ने, मारन हुआ तैयार।
हंस कहे दू बदलो सबको, जो मुझे देवे उबार हो।१७।

मान शिकारी डाल पिंजरे, आयो उज्जैनी चाल।
तीन रोज तक फिरा शहर में, मिला न कोई दयाल हो।१८।

कियो कोप हंस पे हिंसक, काढी छुरी बातवे।
खा गयो खरच गांठ को सारो, अब क्यों दुःखी बतावे हो।१९।

भारी चीरू हंस ने ऐसी, चम्पक सुनके आया।
लिया पींजरा छीन हाथ से, उसको खूब दबाया हो।२०।

कहे हंस अय कुँवर दयालु, जो तूं बडा दयाल।
दस सहस्त्र दे रुपये छुडाले, करदे इसे निहाल हो।२१।

ले पींजरा संग शिकारी, कुंवर दुकानें आया।
दस हजार रुपए दो मुनीमजी, मैंने इसे बचाया हो।२२।

सुनो कुँवर यूं धर्म कमासो, तो होसी नुकसान।
और वात मत करो मुनीमजी, नाणो दो झट आन हो।२३।

थोड़ी देर में होय सचेतन, ऐसी की किलकारी।
कांप गये हृदय कइयों के, छूंटी आंसू धारी हो।१२३।

हे हत्यारन पापिनी सरे, म्हारो ले गई लाल।
रुदन मचावे ब्रह्माणी सरे, कर गई राण्ड कमाल हो।१२४।

अर्ज करी राजा को तब नृप, ऐसा हुक्म लगावे।
पतो लगावे कोई लाल को, इनाम अति ही पावे हो।१२५।

पता लगा नहीं जब वह माता, जावे ढूंढन काज।
जो पुण्य होसी पादरा सरे, तो सुधरे सब काज हो।१२६।

लीनी लाल साथ मे केई, कुछ दी माता तांई।
चार लाल दीजो प्रियतम ने, जो निकले यहां आई हो।१२७।

लियो हुक्म राजा को संग में, परवानो लिखवाई।
जहा मिले तुझ लाल वहा पै, दीजे तूं बतलाई हो।१२८।

ले परवाना चली वहां से, कर मरदाना भेष।
कई ग्राम कई नगर ढूढती, फिरती देश–विदेश हो।१२९।

पुण्य योग चम्पकपुर आई, पंथी बात सुनाई।
खुश–खबरी में एक लाल दी, प्रसन्न हुई मन मांई हो।१३०।

चम्पकपुर नृप के आगे वो, लाल भेंट कर दीनी।
परवानो· रख सामने सरे, सर्व हकीकत वरनी हो।१३१।

लाल महेल कुंवर के तांई, फौरन उसे दिलाया।
सोनी और सुनारण तांई, देश बाहर कढाया हो।१३२।

कुंवर जान पुन्यवान नृप, रानी से सलाह मिलाई।
निज कन्या की तुरत उसी संग, कीनी आप सगाई हो।१३३।

व्याध रुपये ले कहे कुवर से, रखो ब्याजुणा मांही।
हिंसायुक्त कार्य को तज कर, भरूं पेट इण मांही हो।२४।

कुंवर-हंस का गुण गाता वो, पुरुष गया निज स्थान।
मुक्ता चुगावे कुंवर हंस को, आगे सुनों धर ध्यान हो।२५।

मुनीम सेठ पै चुगली खाई, कीनों कुवर अकाज।
दस सहस्र में हंस खरीदा, नहीं मानी मुझ आज हो।२६।

दया-धर्म का काम किया है, बेटा है बुद्धिमान।
सच्चा मोती सदा चुगावे, यह भी सुन लो कान हो।२७।

दया करी तो पूर्ण करनी, यही इसी का सार।
मुनीम विचारे सेठ न मानी, जाग्यों द्वेष अपार हो।२८।

वनिक निन्यानवें की सिखलाई, लायो करी तैयार।
बैठा सेठ था "जुंवार" करीने, बोले इस प्रकार हो।२९।

लक्ष-लक्ष दो रुपये उधारे, म्हांने सहायता दीजे।
परदेशां में जावा कमांवा, इतनो सुयश लीजे हो।३०।

आप तणां सुत ने संग दीजे, यह भी कमाई लावे।
इन्हीं की कृपा से हम सब, साता वहां पर पावें हो।३१।

एकाकी है लाल मुनीमजी, भेजां बडो विचार।
सो कहे बिना गया परदेसां, नहीं होवे होशियार हो।३२।

उलट-पुलट कही सेठ ने, सरे दीनी बात चलाई।
बुला पुत्र ने सेठ कहे यूं, लायो परदेशां कमाई हो।३३।

हाथ जोड़ ने कहे कुंवर यूं, हाजिर हुक्म के मांई।
लाख २ की हुन्डी मुनीम से, सबको दीनी लिखाई हो।३४।

धर्मवती करे धर्म–ध्यान और, रहे आनन्द के मांई।
अब सारथी आय सेठ से, वहां की बात सुनाई हो।१३४।

कालान्तर पियर थकी सरे, आई आप सेठानी।
निज वधू को नहीं देखने सरे, बोलो यूं सेठानी हो।१३५।

कहां गई वह धर्मवती मम, कही सेठ ने सारी।
तडफ पड़ी भूमि पै सासू, छूटी आँसू धारी हो।१३६।

मैं तो थी जो पियर में सरे, लेता मने पुछाई।
बड़ी भूल हुई भारी मुझ से, नहीं गई चेताई हो।१३७।

विदुषी सिर दोष दिया है, यह अकाज कर डाला।
कौन जनम का बदला लीना, पापी मुनीम हत्यारा हो।१३८।

खबर करो सारथी ले संग, किस वन बीच पठाई।
शोध करी पता नहीं पाया, बैठ रह्या पछताई हो।१३९।

सेठानी मन चिंतवे सरे, पंच परमेष्ठी सार।
इन शरणां के योगसुं सरे, होसी जय जय कार हो।१४०।

अब चम्पक की सूनो वार्ता, हंसा किया निहाल।
मुक्ता का कर दिया ढेर यह, पुण्य–तणां परताप हो।१४१।

वनिक निवाण्ड पुण्य–योग से, करली खूब कमाई।
अब तो देश में चालनो सरे, सब मिल सलाह मिलाई हो।१४२।

ले सामान समुद्र पै आया, भरा जहाज में माल।
कहे चम्पक से करो तैयारी, बीता यहां बहुकाल हो।१४३।

कहे हंस से कुंवर यहाँ से, होगा हमको जाना।
तुझसा सज्जन छूटे दिल में, इसका है पछताना हो।१४४।

खोटी हुन्डी लिखी कुंवर ने, लेली गफलत मांई।
घर आकर विनम्र मात से, दी सब बात सुनाई हो।३५।

माता कहे परदेश जाने की, मत काढ़ो मुख बात।
तुम बिन नहीं सुहावे क्षणभर, किम काटूं दिन-रात हो।३६।

हुक्म पिता का कभी न लोपूं, जाऊं देसावर खास।
लक्ष रुपये की हुन्डी है संग, और हंस है पास हो।३७।

हंस चुगावा ने बेठाजी, ले मोतियां की रास।
मंजूर करी ले आज्ञा माता की, आया नारी आवास हो।३८।

प्यारी मै परदेश सिधाऊं, सेवा ससुर की कीजो।
स्वयं चतुर कहां तक कहूं, हुक्म सास के रीजो हो।३६।

तन छाया जु नार रहे संग, सदा पति के लार।
दु.ख-सुख मे रही रामचन्द्र संग, जैसे सीता नार हो।४०।

नहीं राम मै, नहीं तू सीता, नहीं ले जाऊं साथ।
पग-बन्धन परदेश पुरुष के, है नारी की जात हो।४१।

नहीं माने पे कहे कुशल रहो, वेगा राज पधारो।
रुखमण सारे सदा श्याम ने, ऐसे ह्रदय हमारे हो।४२।

शुभ मुहूर्त देखी ने चाल्या, वनिक साथ में सारा।
समुद्र किनारे आया जहाज मे, भरा माल तिणवारा हो।४३।

कर हुंशियारी सारे बैठे, चला जहाज उसवार।
कई योजन गया नीर उलंघी, रत्नागर मंझार हो।४४।

सारे सोते रैन में सरे, हुई नभ से वाण।
पुरुष मिले इस समय नार से, होय पुत्र पुन्यवान हो।४५।

हंस कहे उपकारी तूंने, मेरा प्राण बचाया।
मै उऋण नहीं हो सकता हूं, कह कर हंस सिधाया हो।१४५।

उपल जहाज में डाले चम्पक, मुक्ता युक्त के ढेर।
वनिक कहे नहीं कमी देश मे, क्यो याने लो लेर हो।१४६।

चम्पक कहे यही धन म्हारे, फेर न किया सवाल।
चला जहाज सर बीच में सरे, होकर सभी खुशाल हो।१४७।

इन्धन बीत गयो तब वनिया, चम्पक से तिणवार।
कहे मोल से उपला दे दो, या दे दो उधार हो।१४८।

नहीं दिया जब उपल कुंवर ने, बहुत करी नरमाई।
जैसा दू–वैसा कर लेना, कागज लिया लिखाई हो।१४९।

माल लेजावा पीछे देसुं, पहला उपल मंगाई।
कौस करो गिनती कर दीना, वाहन किनारे आई हो।१५०।

लेई किराना चले वहां से, आय उज्जैनी शहर।
ठहर गया है बाग में सरे, खबर गांव में फेर हो।१५१।

पिता और भी मिले सेठ आ, चम्पक से हुलसाई।
उपल मंगाय वनिक सब देवे, सो कहे ये वो नांई हो।१५२।

गोवर का लीना सो देवां, थे मोत्यां के नांई।
अति ताण मत करो कुंवरजी, लोग रह्या समझाई हो।१५३।

जल के कुण्डां वीच में सरे, उपल दिया एक डाली।
सब लोगों के सामने सरे, मोती दिया निकाली हो।१५४।

वनिक देख घवरा कुंवर के, पावां लागे आय।
दया करो दो माफी म्हाने, तो इज्जत रह जाय हो।१५५।

सवा लक्ष की लाल उगले, नित्य प्रति जरा न झूंठ।
हंस जगावे तुरन्त कुंवर ने, ऊठ २ झठ ऊठ हो।४६।

कुंवर वात सुन कहे हंस ने, कैसे जाना होय।
बैठ पीठ पर मेरे जल्दी, रखूं लेजा के तोय हो।४७।

बैठा पीठ पै हंस कुंवर को, दीना घरे उतारी।
खोल किंवार प्यारी मैं चम्पक, आया हूं इणवारी हो।४८।

पति गया परदेश कमावा, तू है कोई व्यभिचारी।
कहूं अभी मै सास-ससुर से, तेरी होय ख्वारी हो।४६।

हंस कहे यह कंथ तुम्हारा, फिर तो लिया पिछानी।
खोल किंवार दोई मिले प्रेम से, हुई बात मनमानी हो।५०।

मैं जाऊंगा अभी नार कहे, कैसे रहसी आब।
सासु पूछे बात उदर की, जिसका क्या जवाब हो।५१।

लेलो मुद्रिका-हार हमारा, पक्का यहीं निशान।
यही अन्जना सती बताया, नहीं मानी सुलतान हो।५२।

मेरी सास से मिले आप, जब माता को बुलवाई।
दी भोलावन खूब आप गया, फिर जहाज के माई हो।५३।

सर्व प्रमादी उठे नींद से, भेद कोई नहीं पाया।
जहाज आय ठेरा बन्दर में, डेरा वहीं लगाया हो।५४।

बसन्तपुर मे गये सकल मिल, देखी छटा बजार।
निन्यानवे की हुण्डी बिक गई, बाकी रहा कुंवार हो।५५।

बनिक कहे ले नाणा हमसे, करो आप रुजगार।
लेना नहीं दाम किसी से, नहीं करना कोई कार हो।५६।

धर्म जान दिया छोड़ उन्हें, गुण गाते घरे सिधाया।
प्रशंसा करे लोग कुंवर की, अखूट लक्ष्मी लाया हो।१५६।

कुटिल मुनीम सेठ के तांई, ऐसी आन भिड़ाई।
सीधो माल उठाई लाया, कर किसी संग ठगाई हो।१५७।

ऐसा है कमाउ कुंवरजी, मैं जाऊं इण लारी।
कैसे उपाय करे द्रव्य को, देखु मैं हुशियारी हो।१५८।

कहे कुंवरजी फिर पितासे, मै जाऊं इण लार।
उपल जमाजो निज घर मांई, मति लगाजो वार हो।१५९।

ढाई लक्ष की हुण्डी लीनीं, दोनों चले तिंवार।
झन्ना-पन्ना का देश में सरे, आये है उसवार हो।१६०।

ठहरे बीच सराय के आई, कन्चनपुर के बार।
जौहरी सुत एक हीरालाल से, हो गया मित्राचार हो।१६१।

मंत्री बोले कहो कुंवरजी, यो कुण थारे लार।
यह मुनीम है जुना सज्जन, करे दुकान का कार हो।१६२।

मुनीम इसको मत ना समझो, पक्को शत्रु थारो।
होशियार रहीजो, मति ठगाजो, यो ही केन हमारो हो।१६३।

उसी शहर का भूपति देवे, भूमि बीघा चार।
जवाहरात निकले सो उसका, ले पच्चीस हजार हो।१६४।

दस बीघा भूमि दिलवाई, कुछ नहीं निकला सार।
ढाई लक्ष पूर्ण हुआ छिन मे, मंत्री करे विचार हो।१६५।

मिला नृप से जाय जौहरी, कही हकीकत सारी।
दीनी भूमि नृप फिर भी तो, अब पुन्याई थारी।१६६।

हंस कहे मैं जाऊ भ्राता, देश हमारा पास।
बहुत वर्ष पूर्ण हुआ सरे, कुटुम्ब मिलन की आस हो।५७।

कुवर कहे इस मौके पै भला, तूं भी छे दिखलावे।
उपकार किया मेरे पै दूना, रक्खा भी किम जावे हो।५८।

हंस कहे मिलूगा आकर, ऐसी कही सिधाया।
मिला कुटुम्ब से जाकर जल्दी, सब वृत्तांत सुनाया हो।५६।

उपकारी का दृश्य दिखा दो, चलो हस इस बार।
मुक्ता-फल भर लिया चोंच मे, आए हंस सब लार हो।६०।

चम्पक कुंवर को देखने सरे, सबका मन हुलसाया।
भेट करी मुक्ता यू बोले, नहीं जावे गुण गाया हो।६१।

तीजे-चौथे दिन सब आसां, मोती भेंट में लासां।
जहा तक ठेरो आप यहा पै, सेवा यही बजासां हो।६२।

ऐसे कहीं हंस गए स्थानक, चम्पक करे विचार।
ग्वालन से गोबर मंगवावे, देई टका दो-चार हो।६३।

मोती मिला उपल खुद थेपे, कोई भेद नहीं पावे।
बिन मोती का संग थेपे, अलग-अलग जमावे हो।६४।

अब पीछे की सुनो बात, सासु ने बहू चेतावे।
कहो हाल सुसराजी से तुम, अहोनिश बीती जावे हो।६५।

सो कहे कहूं-कहू यूं कहती, गई पियर के मांई।
किसी कार्य मे ऐसी विलमी, कई मास नहीं आई हो।६६।

एक समय मुनीमजी सरे, आया हवेली मांय।
गर्भवती देखी लाडी ने, कहे सेठ से जाय हो।६७।

पारस निकला खोदता सरे गयो दरिद्र दूर।
चपक कुंवर और हीरालाल के, आयो मुख पर नूर हो।१६७।

सौ मन लोह सुवर्ण कियो सरे, पारस गुण प्रधान।
पचास मण कुंवर ने सोना, कर दिया पुण्य दान हो।१६८।

महिमा फैली नगर में सरे, नृप भी आदर दीनो।
पारस रख पेटी के भीतर, पूरो जापतो कीनो हो।१६६।

वैसा ही पाषाण मगाई, दिया मुनीम के तांई।
खूब जतन से रखजो इसको, मंत्री या जितलाइ हो।१७०।

चम्पक यूं कहे मंत्री ने सरे, जावां हम निज देश।
माता-पिता लाल नार को, खबर नहीं लवलेश हो।१७१।

कुछ दिन रोके प्रेम धरी ने, करी खूब मनवार।
नृप से छात्र-चंवर दिलकाया, और जापता लार हो।१७२।

कितनी दूर पहुंचावन आया, मित्र-२ के साथ।
कृपा कीजो फेर आवजो, कहे यूं जोड़ी हाथ हो।१७३।

मिली प्रेम से पीछा फिरिया, जौहरी सुत तिणवार।
चम्पक कुंवर की चली सवारी, बाजा के झनकार हो।१७४।

अब मुनीम मन खोटी धारी, करना कुंवर विनाश।
ज्युं-त्युं सेठ ने समझा दूंगा, रहसी पारस पास हो।१७५।

कांदा, कंपी, विच्छु तीसरो, निज स्वभाव ना मूके।
इसी तरह से दुश्मन चौथा, दांव पड़े नहीं चूके हो।१७६।

रसोईदार ने बस करी सरे, विष-मिश्रित कियो आहार।
पुण्य योग्य से पड गई भ्रांति, जीमा नहीं कुंवार हो।१७७।

इज्जत मिट्टी में मिली सरे, बुरी हुई या सेठ।
कुंवर गया परदेश कभी का, किम रहा बहू के पेट हो।६८।

सुसरो सुनके कोपियो सरे, सीधो हवेली आयो।
कुल-हीनी तू पापनी सरे, सारो वंश लजायो हो।६६।

बहू कहे ऐसे किम बोलो, पूछो सास से जाई।
सत्यासत्य को निरणे करलो, देर लगे नहीं कांई हो।७०।

झूंठो कलंक दिया से सेठां, मोटो लागे पाप।
चुगलखोर की केण न माने, बानीशमन्द हो आप हो।७१।

सेठ आया दुकान पे सरे, कहे मुनीम के तांई।
चम्पक की माता सब जाने, उसको लेवो बुलाई हो।७२।

त्रियां-चरित्र नहीं जानो सेठां, करी जाल भरमाया।
सोनारण ससुर-देवर छल, सबको सांच बताया हो।७३।

पाताल-सुन्दरी पति सामने, गई सेठ के लार।
अभियादे-सुदर्शन सिर पे, झूंठा दीना आल हो।७४।

मारी केन मानो तो इणने, वन-खण्ड में छिटकावो।
या दिलावो जहर अणीने, जो थें इज्जत चावो हो।७५।

वृद्ध जांन ली मान केन, फिर सेठ हुक्म फरमाई।
इच्छा हो सो करो मुनीमजी, म्हारी नहीं मनाई हो।७६।

बुला सारथी ने कहे बहू को, छोड़ो विपिन के बीच।
तड़फ-तड़फ कर मर जावेगी, या खावे सिंह-रीछ हो।७७।

रथ के बीच बैठाय के सरे, पियर मिस ठहराई।
लायो वन मे तुरत उसे वो, उपट-पंथ के मांई हो।७८।

करी चिकित्सा जानली सरे, मुनीम यही बेईमान।
पीटा खूब पिंजरे डाल्यो, बांधा संकट के तान हो।१७८।

बुरा किया है–बुरा उसी का, भले–भलाई पावे।
जैसा बोया बीज खेत में, वैसा ही फल पावे हो।१७९।

मार्ग बीज बसन्तपुरा आया, अरिमर्दन जहां राज।
चपक कुंवर की असवारी के, सुने जोर के बाज हो।१८०।

सेना अपनी सज्ज करी सरे, दुश्मन आया जान।
भेद लेन के कारण सन्मुख, आयो साख दीवान हो।१८१।

चपक कुंवर से करी बातचीत, जान्यो विक्रम राय।
निज नृप ने लायो सामने, दीना पांव लगाय हो।१८२।

जीवा सेठ सुत हूं मैं राजा, रहूं उज्जैनी गांई।
सत्य पे प्रसन्न हो गया राजा, ले गया आप बधाई हो।१८३।

लौटा दी पीछी फौजां ने, जो पहले संग आई।
छत्र–चवर, गज, निज सेना दे, दीना ठेठ पहुंचाई हो।१८४।

पिता प्रसन्न होके मिल्या सरे, आया फेर दुकान।
लोग प्रशंसा कर रहे सरे, पुत्र बड़ा पुन्यवान हो।१८५।

वृत्तांत सुनाया मुनीम का, जब सेठ क्रोध में छाया।
सजा दिलाऊं इस पापी ने, फिर भी कुंवर बचाया हो।१८६।

कर सम्मान विदा कर सेना, पारस सोना ताय।
करी जापते निज माता के, पांव लगा है आय हो।१८७।

देखी मुखड़ो पुत्र को सरे, मन में हर्ष न मावे।
नाना भांत का भोजन करने, प्रेमधरी जीमावे हो।१८८।

धर्मवती कहे असे सारथी, मुझे कहां ले जावे।
नयनाश्रुत हो उसी मुनीम की, सारी बात सुनावे।७९।

श्रवण कर मूर्छा गई सरे, रहा जरा नहीं तोल।
शीतल वायु से हुई सचेतन, बोलीं ऐसा बोल हो।८०।

अय सास अच्छी करी सरे, नैना बरसे नीर।
बिना चेताया सुसराजी ने, कैसे गई तूं पीर हो।८१।

हे निर्दय निष्ठुर ससुर थने, जरा दया नहीं आई।
निर्णय करतो, बात पूछ तो, क्यों वनवास पठाई हो।८२।

अय मात मै पूर्व-जन्म में, कैसा पाप कमाया।
वीतराग के धर्म का मै, मिथ्या औगुण गाया हो।८३।

चोरी करी, शिकारां खेली, सुखिया ने दुःखी बनाया।
परपुरुष की करी मैं वाछा, न पति का हुक्म उठाया हो।८४।

कपट करी, प्रतिज्ञा तोड़ी, पर पै दोष लगाया।
माता पुत्र की करी जुदाई, नर-नारी भेद पड़ाया हो।८५।

कूडा तोला, कूडा मापा, सुलिया नाज पिसाया।
झूंठा लेख, रखा धर्मादा, हरिया वृक्ष कटाया हो।८६।

मदिरा-मांस का आहार किया था, करुणा दिल नहीं आनी।
कैसा कर्म अनिष्ट किया या, फेरी-फिराई घाणी हो।८७।

रात्रि-भोजन कन्द मूल का, आहार प्रसन्न हो कीना।
नास्तिक बन उपदेश दिया, फिर अनगल पानी पीना हो।८८।

नहीं किसी का दोष सारथी, कर्मों की तकसीर।
दुःख-सुख म्हारा में भोगूंगी, जाओ निज घर वीर हो।८९।

बहू लाल को देखण काजे, इत उत रह निहार।
पूछे कहे हाल माता तब, रोई पल्लो डार हो।१८६।

हा मुनीम हत्यारो पापी, कीनो बड़ो अन्याय।
उठा अपूर्ण जीम कुंवर जब, माता-पिता समझाय हो।१६०।

और परणाऊँ पदमनी सरे, गुण रत्नों की खान।
मन की ताप परिहरो सरे, कुंवर धरे नहीं कान हो।१६१।

लेय सारथी उसी वन आया, देखे निगाह पसार।
हां प्यारी तू कहां गई सरे छुटी, आंसु की धार हो।१६२।

चला अकेला फिरता-फिरता, कुन्दनपुर में आया।
भूखा था सो बैठा जाके, उसी नीम की छाया हो।१६३।

स्वागत कीना ब्राह्मणी सरे, अपनो जान जमाई।
चार लाल दी जो दीनी थी, बीतक बात सुनाई हो।१६४।

इस विधि वो चंपापुर आया, पता लगा तिणवार।
गये शहर में भूल कर्म वश, उस वेश्या के द्वार हो।१६५।

बिना इच्छा से चौपड़ खेली, गया कुंवर जब हार।
हथकडी डाल कुंवर को भेजा, कारागार मंझार हो।१६६।

कैदी देख कुंवर के तांई, जान लिया पुण्यवान।
इनके साथ सभी मुक्त होंगे, निश्चय लिया जान हो।१६७।

चम्पक का सब काम करें मिल, रक्खे जूं सरदार।
पर मात-पिता निरधार हुआ है, जब से गया कुंवार हो।१६८।

अन्न जल पूर्ण नहीं ले सरे, सुत-सुत रह्या पुकार।
नींद न आवे रैण में सरे, चिन्ता का नहीं पार हो।१६६।

हंसी–हंसी ने करे पाप, किम छूटे बिना चुकाया।
आर्त तज अरिहंत–सिद्ध में, शुद्ध–मन ध्यान लगाया हो।६०।

रथ पलटा के गयो सारथी, सती से चला न जावे।
ग्रीष्म तपे, हुए पग छाले, कहो कुण धैर्य बन्धावे हो।६१।

सहस्त्र–किरण भी अस्त हुआ है, तरुतल बैठी आय।
वनचर देखी भय पामतो, जपे परमेष्ठी जाप हो।६२।

दिनकर जब प्रकट हुआ सरे, उठ चली तिणवारी।
कुन्दनपुर आया रस्ता मैं, दुखिया ने सुखकारी हो।६३।

दरवाजे प्रवेश करी ने, नीम तरु तले आई।
बैठ गई उसकी छाया में, जीव रहा घबराई हो।६४।

परोपकारिणी ब्राह्मणी सरे, रहती थी वह पास।
देख सती ने आके पूछे, देकर अति विश्वास हो।६५।

बड़ा घरां की दीखे जाई, सूरत क्यों कुमलाई।
तूं बेटी मैं मात हूं थारी, सुखे रहे अब यॉई हो।६६।

सती सुख–दुख की बात सुणी ने, रोई ब्राह्मणी भारी।
बिना समझ की सासू थारी, सुसरा ने धिक्कारी हो।६७।

पकड हाथ निज घर के मांई, ले गई उसे उठाई।
आनन्द से भोजन करवाया, सो बिरला जग मांई हो।६८।

आगा–पीछा कुछ नहीं सोचा, कीना काम निकाम।
सुखे–२ यहां रहो रात–दिन, है थारो धन–धाम हो।६९।

धर्म–ध्यान करे नित्य वहां पर, दुःख गया सब दूर।
गर्भ स्थिति पूर्ण होने पर, जन्मा पुत्र सनूर हो।१००।

निशि शहर में विक्रम जावे, प्रजा के हित जान।
रुदन सुनी हवेली भीतर, कर गये वहां निशान।२००।

प्रातःकाल निर्णय करी सरे, कहे माता से ख़ास।
चम्पक लेई उज्जैनी आऊं, रख पूरा विश्वास हो।२०१।

राज्य मोलाई निज मंत्री ने, केवल चाल्यो भूपाल।
साहसिक हो वन उलघी, संग आग्यो बेताल हो।२०२।

घूमत–घूमत आवियो सरे, उसी ब्राह्मणी स्थान।
पता लेई वहां से चले सरे, प्रसन्न हो दिल मांय हो।२०३।

वहां से चम्पकपुर विषे सरे, आया है नरनाथ।
आज्ञा सीर से उसी वेश्या की, कुल जिताई वात हो।२०४।

सप्त खंड आवास चढ़ा तब, दे वेश्या सत्कार।
सुखासन वैठाय के सरे, लाई चौपड–सार हो।२०५

बिल्ली सिर दीपक धरी वो फिर, खेलन लगी तिवार।
तीन बाजी गयो जीत भूपती, फिर डाले चौथीवार हो।२०६।

चूहा रूप वैताल बना के, बिल्ली सामने आया।
दीपक फैंक गई भक्ष लेने को, पासा नृप उठाया हो।२०७।

निज पासा तहां मेलने सरे, अब दे ओलम्भो राय।
दीपक रख पिलसोद में तूं, पशु काम यह नांय हो।२०८।

चौथी बार लगाई बाजी, हुई भूप की जीत।
ब्याह कियो वेश्या के संग में, गया दुखी दुःख बीत हो।२०९।

सब कैदी को काढ कैद से, भेजे निज निज स्थान।
हुई प्रशंसा सारे शहर मे, लोग करे गुणगान हो।२१०।

सवा लक्ष दीनार की सरे, लाल उगले लाल।
सुनी लोग आश्चर्य हुए सरे, ब्राह्मणी हुई खुशाल हो।१०१।

निरख २ ने सूरत लाल की, माता मन हुलसाये।
स्नान करा–भूषण पहनावे, प्रेम घरी रमावे हो।१०२।

सोनी एक वहां रहे पडोसी, दंमवती तस नार।
रजनी मे आपस मे मांई, कीना बुरा विचार हो।१०३।

इस बालक को प्रच्छन उठा, ले चला देशावर मांई।
सवा लक्ष की लाल मिले नित्य, कमी रहेगी नाई हो।१०४।

मारकूट ने निज नारी को, काढी घर के बाहरे।
जाय ब्राह्मणी पास कहे यू, आई शरण में थारे हो।१०५।

म्हारो पति है खोड़लो सरे, नित्य की देवे मार।
काम करूं घर थारे रहकर, नहीं जाऊं पतिद्वार हो।१०६।

सरल स्वमावी ब्राह्मणी सरे, राखी दया विचारी।
भेद न जाना इसके मन का, है या कपटन नारी हो।१०७।

सोनारण रमावे कुवर ने, पूर्ण प्रतीत जनावे।
ले लाल और निज खाविद ने, चुपके परदेश सिधावे हो।१०८।

कई ग्राम उलन्धी आया, चम्पापुर तिणवार।
वीरसेन नृप राज्य करे जहां, प्रेमवती पटनार हो।१०६।

तस कुक्षी से ऊपनी सरे, इन्द्राणी अनुहार।
मदनमंजरी नाम उसी का, रूप कला गुणधार हो।११०।

उसी शहर में रहती गणिका, कामध्वजा है नाम।
कामसेना तस कन्या कुंवारी, जैसे भलके दाम हो।१११।

चम्पक कुंवर को स्नान, कराके तन पौशाक सजाई।
ग्राम नृप सुन विक्रम को जब, ले गयो महलां बधाई हो।२११।

जीमन का पांत्या लग्या सरे, तब तहां आयो लाल।
चम्पक कहें देख नृप तांई, या सुत मय महिपाल हो।२१२।

लाल जाय यूं कहे मात से, नृप सग जन एक आयो।
जरा नहीं समझे मूर्ख मम, पुत्र कही बतलायो हो।२१३।

माता कहे मत बोलो लाल यू, इसमें कोई विचार।
यो उज्जैनी भूपति सरे, है अपना सरदार हो।२१४।

काल पामणा हम घर जीमे, सम्बन्धी से कहलाई।
मंजूरी ले करी रसोई, नाना भांत मिठाई हो।२१५।

जीमन आया भूपति सरे, सग मे आप कुंवार।
धर्मवती देखी प्रीतम ने, हुलस्यो हियो अपार हो।२१६।

आनन्द से भोजन करी सरे, लाल नृप पग लागे।
पिता चरण छू ले गयो सरे, निज माता के आगे हो।२१७।

कर जोडी पावा पड़ी सरे, हुवे मनोरथ काज।
धन्य घडी भाग्य हमारे, दर्शन दीना आज हो।२१८।

हर्षानन्द वर्ती रह्यो सरे, लोग अचंभा पाया।
विक्रम नृप को रोक भूपने, फौरन ब्याव रचाया हो।२१९।

लाल कुवर बनड़ो बन आयो, बाजा की झनकार।
विक्रम नृप सा बने बराती, शोभा को नहीं पार हो।२२०।

तोरण काज करी चंवरी है, फेरा फिरे तिवार।
लाखो को दियो दायजो सरे, गज चाकर तुखार हो।२२१।

लिया प्रण उसने मन मांही, जो खेले मुझ लार।
चौथी वक्त में जीते शतरंज, बनुं उसी की नारी हो।११२।

जो नहीं जीते मुझ सेती, तो डालूं कारागार।
जब तक ब्याह हुवे नहीं मेरा, नहीं निकालूं बाहर हो।११३।

सप्तखण्ड आवास उसी में, भूल-भटक कोई आवे।
बिन खेले नहीं जाने देवे, ज्यूं मकड़ी जाल फंसावे हो।११४।

पाल रक्खी बिल्ली एक उसने, उस सिर दीपक मेल।
रैन बीच में कपट-युक्त वह, आप रचावे खेल हो।११५।

खेलत चौथी बाजी में, वैश्या की हार हो जावे।
शीश धुणे मंजारी, गणिका, झट पासा पलटावे हो।११६।

दीपक झाले खावे उसमें, कोई भेद नहीं पावे।
चतुर चित्त को चोर पापिनी, अपनी जीत बतावे हो।११७।

राजा का आदेश उसी को, ऐसी है बलवान।
राजा, राजकुंवर सेठां ने, डाले जेल दरम्यान हो।११८।

अब सोनी भी लाल भेट कर, ले लीना आदेश।
सप्तखण्ड आवास बनाई, उसमें रहे हमेश हो।११९।

कनक झूल मखमल की गद्दी, अन्दर आप बिछाई।
बीच बिठाई लाल ने सरे, प्रेम से रह्यो झुलाई हो।१२०।

एक २ लाल नित्य ही उगले, बात हुई या जारी।
लगी यात्रा देखन के हित, आवे कई नर-नारी हो।१२१।

अब तामा की सुनो वार्ता, लाल नजर नहीं आया।
सुध-बुध को गई भूल तुरन्त, धरनी पै मुर्छा खाया हो।१२२।

ब्याव करीवे निज घर आया, वीन्द–बीन्दनी लार।
उज्जैनी की करी तैयारी, रखे करी मनवार हो।२२२।

मैं पामणा कितना दिन का, राजा करे विचार।
पहुंचावाने आये दूर तक, लारे ले परिवार हो।२२३।

पीछा आजो, रीजो खुशी में, यूं कहीं लौटा नरेश।
चली सवारी आगे को जब, देखत देश विदेश हो।२२४।

कुन्दनपुर आया रस्ता में, मिल ब्राह्मणी तांई।
हृदय लगा बेटी को मां ने, नैनोदक नवराई हो।२२५।

वेष दियो सुता के ताई, हर्षित हो मन मांई।
स्वागत कीना भूमति सरे, गयो आय पहुंचाई हो।२२६।

आये उज्जैनी बाग मे सरे, डेरा दिया लगाई।
सेठ–सेठानी आये सामने, खबर भूप की पाई हो।२२७।

हजारों नर–नारी आये, देखन नृप दीदार।
राज्य कर्मचारी करे सेवा, बोले जय–जयकार हो।२२८।

बेटा, बहु, लाल को राजा, दिये सेठ को सौंप।
शाह कहे इस कृत्य से उरण, कैसे होउ भूप हो।२२९।

पर दुख भंजन राजवी सरे, कीनो बडो उपकार।
महिमा फैली विश्व में सरे, है कलयुग अवतार हो।२३०।

सेठ–सेठानी के पग छुए, तीनो ही जब आन।
गोद बैठाई खुशी हुआ जूं, निर्धन बने धनवान हो।२३१।

अति ठाठ से चली सवारी, आई मध्य बाजार।
चम्पक को पहुंचाय भूप गयो, निज महलां मंझार. हो।२३२।

स्वजन-परजन का कारज सारे, रहे सुखे महाराय।
न्यायवंत भूपाल का सरे, रही प्रजा गुण गाय हो।२३३।

अब चम्पक से मिलवा हेतु, आवे कई साहुकार।
अभयदान का योग सुं सरे, बरते मंगलाचार हो।२३४।

कहे कुंवर यूं माता-पिता से, करो सदा धर्म-ध्यान।
जग का धंधा झूंठा फंदा, है नर्कों की खान हो।२३५।

मान पुत्र की केन पिता, माता करे धर्म कमाई।
संवर धार तार निज आतम, सद्‌गत दोनों पाई हो।२३६।

चम्पक सेठ श्रावक-व्रत पाले, पक्खी पौषध ठावे।
चतुर्दश विध देवे दान शुद्ध, पापारंभ घटावे हो।२३७।

उज्जैनी के बाग में सरे, उसी समय उस बार।
धर्मघोष आचरज आया, बहु मुनि परिवार हो।२३८।

खबर पाय आये सब जन मिल, वन्दन को उसवार।
धन्य भाग्य धन्य घड़ी पधारे, सतगुरु तारणहार हो।२३९।

चम्पक सेठ ले पत्नि को संग, रथ पर हो असवार।
आय अभिगमन पांच सांचवी, बैठे कर नमस्कार हो।२४०।

अब मुनिवरजी देवे देशना, यो संसार असार।
तन-धन यौवन मे मत राचो, विज्जू को भलकार हो।२४१।

जन्मे सो निश्चय मरे सरे, कौन अमर हो आया।
छत्रपति कई राजा राणा, बादल जूं विरलाया हो।२४२।

जिनसे हंस-हंस बोलते सरे, दिन मे सौ-सौ बार।
काल पकड ले गया उसी को, भूल गये उनिहार हो।२४३।

"दाड़म पाकी दाखें पाकी, मन माने जब खाई।
इसका उत्तर क्या है असली, मुझको दे समझाई"।।७०।

"छः महिने में सुरंग बनाई, माँडया दादर–मोर।
हार पिरोते निन्द्रा आई, थें कब चाखी चोर।।७१।

यह पाठ बताया स्वामिन् ! उत्तर इसका खास।
आप कहो तो राज सभा में, चौड़े करूं प्रकाश।।७२।

सती मुख सुनकर हो गया लज्जित, बोला भूप विचार।
उत्तम शिक्षा देय अधमको, बहुत किया उपकार।।७३।

बहिन धर्म की उसे बना घर, आदर से पहुँचाई।
सासु–सुसरे हर्षित हो गये, बोले स्नेह दिखाई।।७४।।

"महिपति को समझाया किन्तु, प्राणेश्वर वश नाई।
वहाँ बताई कला यहाँ पर, कहाँ गई चतुराई"।।७५।।

"आज्ञा होवे अगर आपकी, तो मैं करूं उपाय"।
अनुमति पाकर कनकसुन्दरी, आई पीहर मांय।।७६।

मात–पिता के आगे सारी, घटना कह बतलाई।
नयन नीर से मात–पिता ने, पुत्री को नवराई।।७७।।

"प्रेम मिले सत्कार मिलेगा; और फलेगी आशा।
श्रेष्ठ देख घर–वर परणाई, आशा हुई निराशा।।७८।।

कार्य कोई हो मेरे लायक, बिन संकोच बताय।
"द्रव्य मिले जो मुझे पति को, लाऊं मारग मांय।।७९।।

"जितना चाहे उतना ले–ले, किसने करी मनाई।
बुद्धि बल से काम करे अब, कैसे कर चतुराई"।।८०।।

आना–जाना लगा साँस का, इसका क्या विश्वास।
एक दिन ऐसा आने वाला, जंगल होगा वास हो।२४४।

भूषण–मणि–मोती को तन से, लेना सभी उतार।
तज मसान में कुटुम्ब फिरेगा, करके तेरी छार हो।२४५।

होसी परभव में सुन प्राणी, केवल धर्म आधार।
ऐसी जान ज्ञान धर हृदय, चेतन चेत इणवार हो।२४६।

चम्पक सुन मुनिवर की वाणी, मन में अति हर्षायो।
हाथ जोड़ विनय कर बोला, भला आप फरमायो हो।२४७।

श्रद्धा प्रतीति रुची जिन वाणी, लेसु संयम भार।
धर्मवती कहे बनूं साध्वी, कंथ तुम्हारे लार हो।२४८।

आय शहर में निज नन्दन को, गृह दीनों सब सौंप।
समझावे मिल सेठ को सरे, साहुकार अरु भुप हो।२४६।

कौन बात की कमी तुम्हारे, सो हमको दर्शावो।
कहे सेठ दूं मेट कर्म फंद, इस कारण यह भाव हो।२५०।

लोभ–विलोभ कुटुम्बी सारा, विविध भांति समझाया।
नहीं मानी एक बात सेठ तब, बोले पुरजनराया हो।२५१।

धन–२ चम्पक सेठ ने सरे, छोड छतो धन–भोग।
शुद्ध भावों से संयम लेवे, है प्रशंसा योग हो।२५२।

लाल कुंवर ने मात–पिता का, महोत्सव कर श्रेकार।
आया मुनिवर सामने कांई, देख रहा नर नार हो।२५३।

ईशाण कोण में जायने सरे, गेंणा वस्त्र उतार।
मूंड बाँधी मुख वस्त्री का, संयम लीनो धार हो।२५४।

अद्‌भुत रूप छटा अवलोकी, भूला भूप विवेक।
"समय मिला मुश्किल से कैसा, लिखा विधाता लेख"।।५६।।

मम इच्छा को पूरण करके, कर्ण फूल ले जाय।
सती विचारे काम अन्ध ये, यूं समझेगा नाय।।६०।।

मंद–मंद मुस्काकर बोली, अर्ज ध्यान में लाओ।
इन मुक्ता की माला करके, निज कर से पहिनाओ।।६१।।

माला करने बैठा राजन्, चढा नशे का जोश।
शय्या बीच पड़ा आखिर वह, होकर के बेहोश।।६२।।

कर्णाभूषण ले सब मोती, आई निज आवास।
तुरंत गुफा का करवाया है, उसने बन्द निकास।।६३।।

रात गई नृप हुआ सचेतन, देख रहा चहुँ ओर।
मायाविनी माया बतलाकर, भाग गई चित चोर।।६४।।

बैठ सभा में अनुचर भेजा, धनदत्त को बुलवाया।
हर्ष हीये धर राज सभा में, सेठ साहब चल आया।।६५।।

"सेठ ! मेरे प्रश्नों का उत्तर, देना सोच–विचार।
सात दिनों में दिया न उत्तर, लूंगा वस्तु सार"।।६६।।

अवधि लेकर घर आया पर, चित नहीं लागे रंच।
परिवार पूछे बतलाया, भूपति का परपंच।।६७।।

"जाय बताओ धराधीश को, जो पूछेगे आप।
पुत्र वधू मम कनकसुन्दरी, देगी उत्तर साफ"।।६८।।

वचन सेठ का सुनकर राजा, खुशी हुआ मन मांय।
आदर सहित बुलाई उसको, सन्मुख उभी आय।।६६।।

धर्मवती भी लीनी दिक्षा, सुव्रता सती के पास।
संयम ले बनी साध्वी सरे, करती ज्ञान अभ्यास।२५५।

चंपक मुनि सत गरु समीपे, हुवे जैनागम जान।
उपकार करी मही बीच मे सरे, पहुंचे अमर विमान।२५६।

धर्मवती शुद्ध करनी करके, गई स्वर्ग मंझार।
दोनों सुख वहां भोग वे सरे, आगे मोक्ष तैयार हो।२५७।

ऐसी जान सुनो भव्य जीवा, दीजो अभय दान।
चम्पक सेठ की तरह आपको, मिले सुख प्रधान हो।२५८।

चम्पक सेठ का चरित्र बनाया, लिखित कथा अनुसार।
न्यूनाधिक जो इसमें होवे, लीजो चतुर सुधार हो।२५६।

गणनायक हुक्मीचन्द मुनीश्वर, कीर्ति जग मे जारी।
बेले-बेले किया पारना, शूरवीर आचारी हो।२६०।

तस पट्टानपट्टे शोभता, तीजे पद गुणधारी।
मन्नालालजी नाम आपका, शीतल शशी अनुहारी।२६१।

तस आज्ञा पालक गुरुवर्य मम, हीरालाल जी गुण कीना।
हुई महेर माता केशर की, तव गुरु संयम दीना हो।२६२।

साल इक्यासी साल सादड़ी, मारवाड़ के मांई।
चौथमल ने जोड ढाल यह, श्रावण मास में गाई हो।२६३।

"दाड़म पाकी दाखें पाकी, मन माने जब खाई।
इसका उत्तर क्या है असली, मुझको दे समझाई"॥७०॥

"छः महिने में सुरंग बनाई, माँडया दादर–मोर।
हार पिरोते निन्द्रा आई, थें कव चाखी चोर॥७१॥

यह पाठ वताया स्वामिन्! उत्तर इसका खास।
आप कहो तो राज सभा में, चौडे करूं प्रकाश॥७२॥

सती मुख सुनकर हो गया लज्जित, बोला भूप विचार।
उत्तम शिक्षा देय अधमको, बहुत किया उपकार॥७३॥

बहिन धर्म की उसे बना घर, आदर से पहुँचाई।
सासु–सुसरे हर्षित हो गये, बोले स्नेह दिखाई॥७४॥

"महिपति को समझाया किन्तु, प्राणेश्वर वश नाई।
वहाँ बताई कला यहाँ पर, कहाँ गई चतुराई"॥७५॥

"आज्ञा होवे अगर आपकी, तो मैं करूं उपाय"।
अनुमति पाकर कनकसुन्दरी, आई पीहर मांय॥७६॥

मात–पिता के आगे सारी, घटना कह बतलाई।
नयन नीर से मात–पिता ने, पुत्री को नवराई॥७७॥

"प्रेम मिले सत्कार मिलेगा; और फलेगी आशा।
श्रेष्ठ देख घर–वर परणाई, आशा हुई निराशा॥७८॥

कार्य कोई हो मेरे लायक, बिन संकोच वताय।
"द्रव्य मिले जो मुझे पति को, लाऊं मारग मांय॥७९॥

"जितना चाहे उतना ले–ले, किसने करी मनाई।
बुद्धि बल से काम करे अब, कैसे कर चतुराई"॥८०॥

८. सती कनकसुन्दरी चरित्र

मंगलाचरण

तीर्थंकर जिन सोलहवाँ, चक्री पंचम जान।
मिथ्या तम मेटन प्रभु, जग में प्रगटे भान।।१।।

सर्वार्थ सिद्ध विमान से, "अचला" कूंखे आय।
मृगी मार प्रचण्ड को, दीनी नाथ मिटाय।।२।।

इस कारण प्रभु का दिया, "शान्ति" नाम सुखकार।
विघ्नहरण मंगल करण, सुमरण जस अवधार।।३।।

दानादिक चहुँ धर्म में, शील श्रेष्ठ पहिचान।
तन–मन से पालन किया, उनका करूं बयान।।४।।

तर्ज :- ख्याल की

शील सुरंगी ओढी चूनड़ी, सती कनकसुन्दरी।टेर।

जम्बु द्वीप का भरत क्षेत्र के, दक्षिण का मध्य खण्ड।
नगर "अयोध्या" "अरिमर्दन", राजा रयणकरण्ड।।१।।

"धनदत्त" सेठ बसे उस नगरी, गुण ग्राही दातार।
पतिव्रता सुन्दर सुखमाला, "भद्रा" तस घर नार।।२।।

देव–गुरु–सुधर्म तत्त्व, तीनों की है पहिचान।
दम्पति के सुखमय जीवन में, एक हुई सन्तान।।३।।

राजकुमार बन आई अयोध्या, मिली भूप से जाय।
"कंचनपुर से आया घूमने", दीना यूं बतलाय।।८१।।

"महल बनाने की इच्छा यहाँ, जो आज्ञा फरमाये"।
"बहुत खुशी जहां जंचे, वहीं इच्छानुसार बनाये"।।८२।।

बहुत विशाल मकान बनाया; हिस्से कीने चार।
एक–एक रंग के साधन से, भर दीना भण्डार।।८३।।

मोती महल में सभी श्वेत है, लाल महल में लाल।
कनक महल में पीली वस्तु, पन्ना में हरियाल।।८४।।

रिक्त स्थान में वृक्ष लगाये, नानाविध फलदार।
प्रीत बढ़ाई मदनलाल से; इतने समय मुझार।।८५।।

कनकसेन चाभी महलों की, रक्खी इनके पास।
कर मुजरा ले सीख भूप से, आया निज आवास।।८६।।

अब आई सती कनक सासरे, एक दिन अवसर पाय।
कहे सासु से लालादेवी, आयेगी निशि मांय।।८७।।

इच्छा हो रही देखूं उसको, दीनी अनुमति सास।
मदन विचारे इस काणी ने, किम पाया आभास।।८८।।

मदन मात से लेकर चाभी, लाल महल मे आया।
द्वार खोलते ही लालादेवी के, दर्शन पाया।।८९।।

बैठ हिंडोले झूल रही है; ले सारंगी हाथ।
स्वर ताल युत राग–रागनी, गाय रही कई भाँत।।९०।।

दिव्य रूप अवलोकन कर रहा, अनिमेष मदनेश।
शनैः शनैः नजदीक गया, देवी नहीं देखे लेश।।९१।।

"मदन" नाम स्थापित कीना, लाड़ --प्यार के साथ।
गिरि गुफा की लता बढ़े यूं, नन्दन हाथों हाथ।।४।।

अति लाड़ होने के कारण, कुछ नहीं करी पढ़ाई।
बालपन व्यतीत हुआ अब, युवा अवस्था आई।।५।।

वैभव घर में बहुत और फिर, बना जवानी अन्ध।
मात–पिता की कहन न माने, फिर सदा स्वच्छन्द।।६।।

काम विडम्बना बहुत बुरी है जिनवर ने फरमाया।
तन–मन इज्जत इस भव हारे, परभव कष्ट सवाया।।७।।

"कामलता" वेश्या रहती वहाँ, रूप–कला की आब।
उसके कन्या जन्मी जिसका, रखा नाम "गुलाब"।।८।।

यौवन वय में आई बाला, हुई कला में दक्ष।
हाव–भाव करके मोह लेना, ऐसा जिसका लक्ष।।६।।

गवाक्ष बीच बैठी गणिका ने, देखा मदन कुमार।
काम कटाक्ष बाण नयनों का, दिया खेंच के मार।।१०।।

मदन मोहाया उस कन्या के, बंधा प्रेम की पाश।
मात–पिता की परवाह नहीं कुछ, कर दिया वहीं निवास।।११।।

बिन अंकुश के हस्ति–औरत, शिष्य और संतान।
ये चारो निश्चय करते हैं, स्व–पर का नुकसान।।१२।।

निरंकुश बन गया मदन, कर दी मर्यादा भंग।
धन देकर अपयश लेता है, दुर्व्यसनो के संग।।१३।।

"अंग" देश के अन्दर "चम्पा", नगरी है गुलजार।
राज–कार्य करे नीति से, "पृथ्वीसिंह" सरकार।।१४।।

अमरी सम तुझ रूप मनोहर; जनमन मोहन गारी।
लाल महल में उषाकाल सी, तूने लालीमा डारी।।९२।।

मकरंदो का प्रेमी मधुकर, शीघ्र पुष्प पे आये।
अधर वैठ कर रस आस्वादन, प्रेम मगन हो जाये।।९३।।

त्यूं तुझ रूप दिव्य; प्रिय गायन, पर मम मन ललचाया।
बोलो ! मुख से मत तरसाओ, सेवक सन्मुख आया।।९४।।

कौन ग्राम की रहने वाली, मात–पिता है कौन ?
लाल महल मे कैसे आई, अब क्यों हो गई मौन।।९५।।

बोल–बोल ! पट खोल हृदय का, मुझ से मत सकुचाये।
गुप्त भेद के कहे बिना कहो, कैसे जाना जाये।।९६।।

समय देखकर देवी बोली:"भो ! प्रियवर सुखमाल।
बैताड गिरी से सैर करन को, निकली संध्याकाल।।९७।।

खेचर 'सुमतिचन्द्र' तात है, 'भाग्यवती' मुझ मात।
दिल मेरा है इसी महल में, बिलकुल सच्ची बात।।९८।।

मदन–मृग मन विंध लिया है, इसमें संशय नाय।
सूरत देख सुहानी तेरी, मुझ मन रहा लुमाय।।९९।।

ममता मय वाणी देवी की, सुन कुमार हरषाय।
सुख विलसो मेरे संग जोडी, मिली पुण्य से आय।।१००।।

सही आपका कहना पहिले, भोजन दो मंगवाय।
क्षुधा वेदनी सता रही है, बोला भी नहीं जाय।।१०१।।

कर लूंगा मंजूर सभी मैं, जो कुछ भी फरमाना।
लाऊं भोजन अभी यहीं, तुम चली कहीं मत जाना।।१०२।।

उस नगरी में रहे व्यापारी, श्रावक "जिनदत्त" नाम।
"कनक सेना" उसके घर नारी, लज्जालु गुण-धाम।।१५।।

कंचन वरणी तस कन्या है, "कनकसुन्दरी" एक।
द्रव्य-भाव शिक्षा के संग में, श्रद्धा-शील विवेक।।१६।।

वरयोगी होगई कन्या जब, दम्पति करे विचार।
करी सलाह फिर निज मुनीम को, बुलवाया उस वार।।१७।।

"देश-विदेश में विचरन करके घर-वर श्रेष्ठ निहार।
करो सगाई मम कन्या की, देर न करो लगार"।।१८।।

सेठ साहब की आज्ञा शिर धर,. मुनीम मन हर्षाय।
ग्राम-नगर अवलोकत आये, नगर "अयोध्या" मांय।।१९।।

यशो-कीर्ति सुन धनदत्त की, सीधा वहीं पर आया।
देखा वहां जब मदनलाल को, फूला नहीं समाया।।२०।।

बात चलाई सगपण की, कन्या का चित्र बताया।
नारियल-रुपया झेलाकर, मुनीमजी पलटाया।।२१।।

चम्पापुर आकर मालिक को, कहा सारा अहवाल।
लगन निकाल सूचना करदी, दो-घर मंगल-माल।।२२।।

मदनकुमार चित्र लेकर अब, आया गणिका पास।
छवि देख कन्या की, वेश्या मन मे रही विमास।।२३।।

विवाह अगर इसका हो जावे, इस बाला के साथ।
तो कुमार मेरे से हरगिज, कभी करे नहीं बात।।२४।।

चित्र देखने का बहाना कर, उसकी निगाह बचाय।
कज्जल बिन्दु चित्र नैत्र, बाँये पर दिया लगाय।।२५।।

मदन गया है इधर उधर, वह देवी अन्तर्धान।
लेकर आया भोजन देखा, मिला न कहीं निशान।।१०३।।

विलख वदन होकर उस स्थाने, चिंते मदनकुमार।'
छलनी छलकर मेरे साथ मे, गई छोड़ मंझधार'।।१०४।।

द्वार बन्द महल का करके, आया गणिका गेह।
मुख देखा पूछा–"कारण क्या, फीका क्यो है नेह"।।१०५।।

"लाल महल में देवी लाला का मैं दर्शन पाया।
तन सावन विजली सा सुन्दर, विधाता रूप रचाया"।।१०६।।

इस प्रकार सब बात बताई, वैश्या करे विचार।
"देखी प्रीत तुम्हारी" कहकर दीनी थप्पड़ मार।।१०७।।

"कभी न आना अब मेरे घर", दीना फिर ललकार।
विषयांध वैश्यागामी का, निकलेगा यही सार।।१०८।।

तिरस्कार से त्रासित बनकर, घर आया चुप चाप।
अर्द्धांगिन ने सोचा करना, रास्ता बिल्कुल साफ।।१०९।।

एक दिन बहु ने सासु से, फिर एक बात बताई।
"कंचन देवी के आने की, आज सूचना पाई"।।११०।।

सुना मदन ने निश्चय कीना, जाना आज जरूर।
नियत समय पर पहुँच गया वहाँ, ले भोजन भरपूर।।१११।।

कनक महल के द्वार खोलते, ही देवी दिखलाई।
'इससे प्रीत जुड़े तो समझूं, सफल जिन्दगी पाई'।।११२।।

मदन आय कन्या के पास, वही बात दौहराई।
तब कुंवरी कहे "पहिले भोजन, देओ मुझे जिमाई"।।११३।।

चित्र वापस देकर बोली, मुख पर ला मुस्कान।
"पक्के परीक्षक तुम जैसे कहीं, मिले भाग्य परमाण।।२६।।

धन्य ! विवाह करने जाते हो, काणी कन्या संग"।
सुना वचन वेश्या का ऐसा, मदन हो गया दंग।।२७।।

गणिका के घर से कुमार, उठ आया निज आवास।
मात–पिता के सन्मुख आके, की ऐसी अरदास।।२८।।

"लिया बखेड़ा मोल आपने, करके यह सगाई।
मुझे ब्याह करना नहीं उससे, दीनी साफ सुनाई।।२९।।

"कहो बेटा ! क्या बात हुई अब, कैसे पलटा जाय ?
जिस किसने बहकाया तुझको; तू भी रहा बहकाय।।३०।।

पॉव लगादे बहु को लाकर, जो तू मम संतान"।
ज्यों–त्यो उसे मना कर लाये, संबंध सजा कर जान।।३१।।

वेश्या के वश बना हुआ नेह, निज नारी से तोड़।
सूरत भी नहीं देखे उसकी, रहे सदा मुख मोड़।।३२।।

कनकसुन्दरी सोच रही है, पड़ा कौन सा पेच।
प्राणनाथ शुरु से क्यों ? रहे मेरे से मन खेच।।३३।।

राग–रंग और खान–पान फिर, स्नानादि सिणगार।
सभी अलूणा जगत् बीच में, बिना प्रेम भरतार।।३४।।

इसमें नहीं है दोष किसी का, निज कर्मों की बॉक।
धर्म ध्यान से सुखी बनेगे, जिन वचनो की साख।।३५।।

होनहार होकर के रहती, ऋतु बसंत की आई।
त्यौहार तीज का छैल–छबीला, मानव के मन भाई।।३६।।

साथ बैठ भोजन कर बोली, "लगी जोर से प्यास।
शीतल जल ला मुझे पिलाओ, जल्दी करो तलास"।।११४।।

इस विधि निज स्वामी को छलके, आई अपने द्वार।
लाया नीर मिली नहीं देवी; करने लगा विचार।।११५।।

दिल बहलाने वेश्या के घर गया, न पाया चैन।
सती समय लख बोली एक दिन, सासुजी से बैन।।११६।।

"पन्ना देवी का पधारना, होगा संध्या आज।
इस कारण से जल्दी करलो, घर का सारा काज"।।११७।।

मदन तैयारी करे सती तन लीले, वस्तर धार।
प्रियतम पहिले पहुँची वहाँ पर, सज सारे सिणगार।।११८।।

गायन मधुर गा रही पहुँचा, मदन लेय कुछ भेंट।
पूछताछ कर कीना दोनों, भोजन संग में बैठ।।११६।।

देवी बोली "इस भोजन में, अवश्य कमी कोई खास।
ऐसा कहकर दिया वमन, खो बैठी होश-हवास।।१२०।।

वैद्य बुलाने गया मदन तब, सती संभल घर आई।
शीघ्र दवा ले पहुँचा पीछा; नारी नहीं दिखाई।।१२१।।

वहाँ से निकल गया गणिका घर; वेश्या दी फटकार।
कामातुर को हित-अहित का, जरा न रहे विचार।।१२२।।

सती ने देखा निज स्वामी के, व्यवहारों में फेर।
इनको सन्मा राग लाने में, अब न लगेगी देर।।१२३।।

कीनी अर्जी सासुजी से, मुक्ता महल मुझार।
मुक्ता देवी आज शाम को, आवे सज सिणगार।।१२४।।

भूप हुकम से अनुचरों ने, पुर बाहिर का स्थान।
कूड़ा-कर्कट काढ़ छाँट जल, स्वच्छ किया मैदान।।३७।।

अलग-अलग फिर हक रक्खा है, नर-नारियों के काज।
व्यवस्था हित दासी दास फिर, नियुक्त किये महाराज।।३८।।

शस्त्रो से सज्जित सुभटों का, पहरा दिया लगाय।
नारी वृन्द केन्द्र क्रीड़ांगण, नर नहीं जाने पाय।।३९।।

महोत्सव मे राजधज के पहुचे, नगरी के नर-नार।
कहे पड़ोसिन कनकसती से, "हो जाओ तैयार"।।४०।।

"प्राणेश्वर के प्रेम बिना सब; सूना है त्यौहार"।
पहन ओढ़कर हो गई संग, जब बहुत करी मनुहार।।४१।।

सखियो के संग रही खेलती; करती रही नृत्य गान।
पड़ा कान का भूषण कहाँ-कब, रहा न उसका ध्यान।।४२।।

कर्णफूल का पता पड़ा है, घर आने पश्चात्।
